# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्या–08–परीक्षा/2026

## आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.– 2025)/09

## उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

**परीक्षा तिथि : 20-09-2026**

**Set Code : CM1**

| | |
|---|---|
| 1. | नील विद्रोह (नील दंगे) वर्ष 1860 में बंगाल में किसके शासनकाल के दौरान हुआ था ?<br>**लॉर्ड कैनिंग**<br>The Indigo Revolt (Indigo Riots) occurred in Bengal in 1860 during the tenure of<br>**Lord Canning** |
| 2. | हड़प नीति भारत के किस गवर्नर जनरल द्वारा प्रारम्भ की गई थी ?<br>**लॉर्ड डलहौजी**<br>The Doctrine of Lapse was introduced by the Governor General of India<br>**Lord Dalhousie** |
| 3. | ''भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक'' किसे कहा जाता है ?<br>**लॉर्ड रिपन**<br>Who is known as the “Father of Local Self-Government in India” ?<br>**Lord Ripon** |
| 4. | भारत छोड़ो आन्दोलन कब प्रारम्भ किया गया था ?<br>**8 अगस्त 1942**<br>The Quit India Movement was launched on<br>**8 August 1942** |
| 5. | तृतीय गोलमेज सम्मेलन __________ में आयोजित किया गया था ।<br>**1932**<br>The Third Round Table Conference was held in<br>**1932** |
| 6. | 38 वीं समानांतर रेखा ________ को अलग करती है ।<br>**उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया**<br>The 38th Parallel Line separates<br>**North Korea and South Korea** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 7. | विन्सन मैसिफ __________ का सर्वोच्च बिंदु है ।<br>**अंटार्कटिका**<br><br>Vinson Massif is the highest point of<br>**Antarctica** |
| 8. | पछुआ पवनें किन अक्षांशों के बीच बहती हैं ?<br>**भूमध्य रेखा के दोनों ओर 30° से 60° तक**<br><br>Westerlies (Winds) blow between which latitudes ?<br>**30° and 60°, on either side of the equator** |
| 9. | शिवालिक पर्वतमाला को और किस नाम से जाना जाता है ?<br>**बाह्य हिमालय**<br><br>Shiwalik Hills are also known as<br>**Outer Himalayas** |
| 10. | लैटराइट मिट्टी __________ से समृद्ध होती है ।<br>**लौह ऑक्साइड**<br><br>Laterite soils are rich in<br>**Iron oxides** |
| 11. | भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?<br>**25 जनवरी**<br><br>In India National Voters' Day is celebrated every year on<br>**January 25th** |
| 12. | भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को किस संशोधन द्वारा प्रस्तुत किया गया ?<br>**42 वाँ संविधान संशोधन**<br><br>Which Amendment to the Indian Constitution introduced Fundamental Duties ?<br>**42nd Constitutional Amendment** |
| 13. | गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कौन–सी रिट जारी की जाती है ?<br>**बंदी प्रत्यक्षीकरण**<br><br>Which writ is issued to produce an arrested person before the court ?<br>**Habeas Corpus** |
| 14. | भारत का संविधान कब अंगीकृत किया गया था ?<br>**26 नवम्बर 1949**<br><br>The Constitution of India was adopted on<br>**26th November 1949** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 15. | भारतीय संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।<br>1. 26 जनवरी 2026 को भारतीय संविधान ने अपने अस्तित्व के 75 वर्ष पूर्ण किए ।<br>2. इसमें 103 बार संशोधन किया जा चुका है ।<br>3. भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है ।<br>उपरोक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?<br>**केवल 3**<br><br>Consider the following statements about Indian Constitution.<br>1. On 26th January 2026, the Constitution of India completed 75 years of its existence.<br>2. It has been amended 103 times.<br>3. In India, Republic Day is celebrated on 26th January every year.<br>Which of the statements given above is/are correct ?<br>**3 only** |
| 16. | निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन द्वारा मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई ?<br>**61 वाँ संविधान संशोधन**<br><br>Which of the following Constitutional Amendment lowered the minimum voting age from 21 years to 18 years ?<br>**61st Constitutional Amendment** |
| 17. | निम्नलिखित में से मौलिक अधिकारों का सर्वोत्तम वर्णन कौन–सा है ?<br>**देश के संविधान द्वारा संरक्षित एवं प्रत्याभूत अधिकार**<br><br>Which of the following is the best description of Fundamental Rights ?<br>**The rights protected and guaranteed by the Constitution of the country** |
| 18. | लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम योग्यता क्या है ?<br>**व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा उसकी आयु 25 वर्ष से कम न हो ।**<br><br>What is the minimum qualification to contest election of Lok Sabha ?<br>**A person must be a citizen of India and not less than 25 years of age.** |
| 19. | भारत की संविधान सभा की पहली बैठक कब आयोजित हुई थी ?<br>**9 दिसम्बर 1946**<br><br>The Constituent Assembly of India held its first meeting on<br>**December 9, 1946** |
| 20. | भारत की संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?<br>**डॉ. बी. आर. आंबेडकर**<br><br>The Drafting Committee of the Constituent Assembly of India was chaired by<br>**Dr. B. R. Ambedkar** |
| 21. | भारत में हरित क्रांति की आधारशिला किस पंचवर्षीय योजना के दौरान रखी गई थी ?<br>**तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961 – 66)**<br><br>The foundation for the Green Revolution in India was laid during which Five-Year Plan ?<br>**Third Five-Year Plan (1961 – 66)** |

Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| 22. | अर्थव्यवस्था में प्राथमिक घाटा किसे कहा जाता है ?<br>**राजकोषीय घाटा – ब्याज भुगतान**<br><br>In economy, Primary Deficit is defined as<br>**Fiscal Deficit – Interest Payments** |
| 23. | राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना कब हुई थी ?<br>**1982**<br><br>National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) was established in<br>**1982** |
| 24. | निम्नलिखित में से कौन–सा भारत में प्रत्यक्ष कर नहीं है ?<br>**वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)**<br><br>Which one of the following is not a Direct Tax in India ?<br>**Goods and Services Tax (GST)** |
| 25. | प्रसिद्ध अर्थशास्त्र पुस्तक ''राष्ट्रों की संपदा'' के लेखक कौन हैं ?<br>**एडम स्मिथ**<br><br>Who wrote the famous economics book “The Wealth of Nations” ?<br>**Adam Smith** |
| 26. | भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2025 – 26 के अनुसार, वर्ष 2024 – 25 में भारत में मूँगफली का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में हुआ ?<br>**गुजरात**<br><br>According to the Indian Economic Survey 2025 – 26, which state was the largest producer of groundnut in India during 2024 – 25 ?<br>**Gujarat** |
| 27. | जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं ?<br>**संजय मल्होत्रा**<br><br>Who is the present Governor of the Reserve Bank of India (RBI) as on July 2026 ?<br>**Sanjay Malhotra** |
| 28. | भारत की संचित निधि का अस्तित्व भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से प्राप्त होता है ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br><br>The Consolidated Fund of India draws its existence from which Article of the Constitution of India ?<br>**None of the above** |
| 29. | वस्तु एवं सेवा कर (GST) परिषद भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है ?<br>**अनुच्छेद 279A**<br><br>The Goods and Services Tax (GST) Council is a Constitutional body established under which Article of the Constitution of India ?<br>**Article 279A** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 30. | निम्नलिखित में से किस मौद्रिक समुच्चय को भारत में संकीर्ण मुद्रा कहा जाता है ?<br>**M1**<br><br>Which of the following Monetary aggregates is known as Narrow Money in India ?<br>**M1** |
| 31. | जनवरी 2026 में किस राज्य ने बैसिलस सब्टिलिस को अपना राज्य सूक्ष्मजीव घोषित किया ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br><br>Which state declared Bacillus subtilis as its State Microbe in January 2026 ?<br>**None of the above** |
| 32. | जून 2026 तक प्रसार भारती के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?<br>**श्री प्रसून जोशी**<br><br>Who has been appointed as the Chairman of Prasar Bharati (as on June 2026) ?<br>**Shri Prasoon Joshi** |
| 33. | सूर्यास्त्र रॉकेट प्रणाली का विकास किस कंपनी ने किया है ?<br>**नाइब लिमिटेड**<br><br>Which company developed the Suryastra Rocket System ?<br>**NIBE Limited** |
| 34. | पाँचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप 2026 की मेज़बानी भारत के किस राज्य ने की ?<br>**गोवा**<br><br>Which Indian state hosted the 5th Asia Cup Bridge Championships 2026 ?<br>**Goa** |
| 35. | सिंगापुर बैडमिंटन ओपन–2026 के पुरुष युगल बैडमिंटन का खिताब किस भारतीय जोड़ी ने जीता ?<br>**सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी**<br><br>Which Indian badminton pair won the Singapore Badminton Open 2026 men's doubles title ?<br>**Satwiksairaj Rankireddy and Chirag Shetty** |
| 36. | आदित्य–एल1 मिशन भारत का प्रथम समर्पित वैज्ञानिक मिशन है, जिसे किसका अध्ययन करने के लिए भेजा गया था ?<br>**सूर्य**<br><br>The Aditya-L1 mission is India's first dedicated scientific mission designed to study the<br>**Sun** |
| 37. | कंचन कवच का उपयोग किसमें किया जाता है ?<br>**अर्जुन मैन बैटल टैंक**<br><br>Kanchan armour is used in<br>**Arjun main battle tank** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 38. | गगनयान मिशन भारत की प्रथम मानवयुक्त कक्षीय अंतरिक्ष परियोजना है, जिसका उद्देश्य तीन सदस्यीय दल को 400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा में तीन दिनों के लिए भेजकर सुरक्षित वापस लाना तथा किस क्षमता का प्रदर्शन करना है ?<br>**मानव अंतरिक्ष उड़ान**<br>The Gaganyaan mission is India's first crewed orbital spacecraft project, designed to demonstrate __________ capability by sending a three-member crew into a 400 km low earth orbit for a three-day mission and safely returning them to earth.<br>**Human spaceflight** |
| 39. | प्रौद्योगिकी नीति का मुख्य उद्देश्य ऐसा क्या तैयार करना है जो राष्ट्रीय विकास का समर्थन करें ?<br>**आत्मनिर्भर नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र**<br>The main goal of technology policy is to create a/an _______ that supports national development.<br>**Self-reliant innovation ecosystem** |
| 40. | प्रौद्योगिकी के संदर्भ में ''आत्मनिर्भर भारत'' का मुख्य बल किस पर है ?<br>**स्वदेशी क्षमता का विकास**<br>The term "Atmanirbhar Bharat" (Self-Reliant India) in the context of technology primarily emphasizes building<br>**Indigenous capability development** |
| 41. | निम्नलिखित में से स्वस्थान संरक्षण का उदाहरण कौन-सा है ?<br>**राष्ट्रीय उद्यान**<br>________ is an example of in-situ conservation.<br>**National park** |
| 42. | आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का अध्यक्ष कौन होता है ?<br>**भारत के प्रधानमंत्री**<br>Under the Disaster Management Act, 2005, the National Disaster Management Authority (NDMA) is headed by the<br>**Prime Minister of India** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 43. | राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) का गठन ___________ के अंतर्गत किया गया था ।<br>**आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005**<br>National Disaster Response Force (NDRF) was constituted under the<br>**Disaster Management Act, 2005** |
| 44. | क्योटो प्रोटोकॉल किससे संबंधित है ?<br>**जलवायु परिवर्तन का शमन**<br>The Kyoto Protocol is associated with<br>**Climate change mitigation** |
| 45. | _________ भारत में आपदा प्रबंधन के लिए सर्वोच्च निकाय के रूप में निर्दिष्ट है ।<br>**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)**<br>_________ is designated as the apex body for disaster management in India.<br>**National Disaster Management Authority (NDMA)** |
| | **निर्देश (प्र.सं. 46 और 47)** : नीचे दिए गए वृत्त आरेख में एक परिवार द्वारा एक महीने में विभिन्न मदों पर किए गए व्यय तथा उसकी बचत को दर्शाया गया है । परिवार की मासिक बचत ₹ 8,000 है । वृत्त आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>**Direction (Q. No. 46 and 47)** : The pie chart given below shows expenditures incurred by a family on various items and their savings. The family saves ₹ 8,000 in a month. Study the chart and answer the questions based on the pie-chart.<br> |
| 46. | शिक्षा पर कितना व्यय किया गया है ?<br>**₹ 4,000**<br>How much expenditure is incurred on education ?<br>**₹ 4,000** |
| 47. | भोजन पर व्यय तथा बचत का अनुपात क्या है ?<br>**2 : 1**<br>The ratio of the expenditure on food to the savings is<br>**2 : 1** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| | **निर्देश (प्र.सं. 48 – 51)** : नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>नीचे दी गई सारणी किसी नगर में विभिन्न वर्षों में अलग-अलग विभागों के व्यावसायिकों की कुल संख्या तथा उनमें महिलाओं का प्रतिशत दर्शाती है ।<br>**Direction (Q. No. 48 – 51)** : Study the following information carefully and answer the given questions.<br>The following table shows the total number of professionals from different departments in different years in a certain city and the percentage of female among them. |


| वर्ष Years | अभियांत्रिकी Engineering | | विधि Law | | चिकित्सा Medicine | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female | कुल कर्मचारी Total employees | महिलाओं का प्रतिशत % of female |
| 2013 | 650 | 48% | 450 | 46% | 180 | 35% |
| 2014 | 720 | 45% | 560 | 35% | 160 | 45% |
| 2015 | 680 | 60% | 620 | 55% | 150 | 38% |
| 2016 | 540 | 40% | 650 | 56% | 200 | 42% |
| 2017 | 660 | 50% | 700 | 40% | 120 | 55% |

| | |
|---|---|
| 48. | वर्ष 2015 में पुरुष अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की संख्या तथा वर्ष 2013 में महिला विधि व्यावसायिकों की संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए ।<br>**65**<br>Find the difference between the number of male engineering professionals in the year 2015 to that of number of female law professionals in the year 2013.<br>**65** |
| 49. | वर्ष 2014 में पुरुष चिकित्सा व्यावसायिकों की संख्या तथा वर्ष 2013 में महिला अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए ।<br>**11 : 39**<br>Find the ratio between the number of male medical professionals in the year 2014 to that of number of female engineering professionals in the year 2013.<br>**11 : 39** |
| 50. | दिए गए सभी वर्षों में अभियांत्रिकी व्यावसायिकों की कुल संख्या तथा चिकित्सा व्यावसायिकों की कुल संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए ।<br>**2440**<br>What is the difference between the total number of engineering professionals and total number of medical professionals in all the given years together ?<br>**2440** |
| 51. | वर्ष 2013, 2015 तथा 2017 में पुरुष विधि व्यावसायिकों की औसत संख्या ज्ञात कीजिए ।<br>**314**<br>Find the average number of male law professionals in the year 2013, 2015 and 2017 together.<br>**314** |

Provisional Answers

**निर्देश (प्र.सं. 52 – 55)** : दिए गए स्तंभ आलेख में विद्यार्थियों की संख्या और परीक्षा में प्राप्त अंक को दर्शाया गया है । चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (अंक केवल पूर्णांकों में दिए गए हैं)

**Direction (Q. No. 52 – 55)** : The given histogram shows the number of students and marks in an examination. Examine the diagram and answer the questions. (Marks are given in integers only)




52. आँकड़ों में सम्मिलित विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है ?

**33**

The total number of students involved in the data is

**33**

53. अधिकतम विद्यार्थियों ने किस अंतराल में अंक प्राप्त किए ?

**20 – 30**

The maximum number of students got the marks in the interval of

**20 – 30**

54. न्यूनतम विद्यार्थियों ने किस अंतराल में अंक प्राप्त किए ?

**0 – 10**

The least number of students got the marks in the interval

**0 – 10**

55. प्रथम तथा अंतिम अंतराल में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात क्या है ?

**4 : 5**

The ratio of the students obtaining marks in the first and the last interval is

**4 : 5**

56. संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 के अंतर्गत मादक औषधि की परिभाषा किस अधिनियम के अधीन विनियमित पदार्थों का भी उल्लेख करती है ?

**मादक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985**

The definition of Intoxicating Drug under the United Provinces Excise Act, 1910, also refers to substances regulated under which Act ?

**Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985**

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 57. | मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के अंतर्गत, यदि किसी व्यक्ति के रक्त में अल्कोहल की मात्रा _________ से अधिक हो, तो वह नशे की अवस्था में वाहन चलाने का दोषी माना जाता है ।<br>**100 मिलीलीटर रक्त में 30 मिलीग्राम**<br><br>Under Section 185 of the Motor Vehicles Act, 1988 a person is punishable for drunken driving if the alcohol concentration in his blood exceeds<br>**30 mg per 100 ml of blood** |
| 58. | यीस्ट एक एककोशिकीय सूक्ष्मजीव है, जो शर्करा के किण्वन द्वारा किसका उत्पादन करता है ?<br>**एथेनॉल तथा कार्बन डाइऑक्साइड**<br><br>Yeast is a unicellular microorganism responsible for the fermentation of sugars to produce<br>**Ethanol and Carbon Dioxide** |
| 59. | एथिल अल्कोहल (एथेनॉल) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।<br>1. एथिल अल्कोहल एक पारदर्शी, रंगहीन, ज्वलनशील एवं वाष्पशील द्रव है ।<br>2. एथिल अल्कोहल यीस्ट द्वारा कार्बोहाइड्रेट के किण्वन से प्राप्त किया जाता है ।<br>3. एथिल अल्कोहल का रासायनिक सूत्र $C_2H_5OH$ है ।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?<br>**1, 2 और 3**<br><br>Consider the following statements regarding ethyl alcohol (ethanol).<br>1. Ethyl alcohol is a transparent, colourless, flammable and volatile liquid.<br>2. Ethyl alcohol is obtained by the fermentation of carbohydrates with yeast.<br>3. Ethyl alcohol has the chemical formula $C_2H_5OH$.<br>Which of the statements given above are correct ?<br>**1, 2 and 3** |
| 60. | लेगर बीयर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।<br>1. लेगर बीयर का निर्माण निम्नस्तरीय किण्वन करने वाले यीस्ट से किया जाता है ।<br>2. लेगर बीयर को निम्न तापमान पर परिपक्व किया जाता है ।<br>3. पिल्सनर लेगर बीयर का एक प्रकार है, जिसका रंग हल्का तथा हॉप का स्वाद मध्यम होता है ।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?<br>**1, 2 और 3**<br><br>Consider the following statements regarding Lager Beer.<br>1. Lager beer is prepared using bottom-fermenting yeast.<br>2. Lager beer is matured at low temperature.<br>3. Pilsner is a type of lager beer that is light in colour and has a medium hop flavour.<br>Which of the statements given above are correct ?<br>**1, 2 and 3** |
| 61. | पेरी _________ से बनाई जाने वाली मदिरा है ।<br>**नाशपाती का रस**<br><br>Perry is a wine prepared from<br>**Pear juice** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 62. | औषधीय प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली वास्तविक औषधियुक्त वस्तुओं को छूट संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 की किस धारा के अंतर्गत प्रदान की गई है ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br>The exception for bona fide medicated articles used for medicinal purposes is provided under which Section of the United Provinces Excise Act, 1910 ?<br>**None of the above** |
| 63. | मदिरा, बीयर, व्हिस्की, ब्रांडी और रम जैसे मादक पेय पदार्थों के उत्पादन में सामान्यत: किस सूक्ष्मजीव का उपयोग किया जाता है ?<br>***सैकरोमाइसीज़ सेरेविसी***<br>Which microorganism is commonly used for the production of alcoholic beverages such as wine, beer, whisky, brandy and rum ?<br>**Saccharomyces cerevisiae** |
| 64. | आबकारी (स्पिरिट्स) अधिनियम (परिषद में गवर्नर जनरल का अधिनियम) किस वर्ष अधिनियमित किया गया था ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br>The Excise (Spirits) Act (Acts of Governor General in Council) was enacted in which year ?<br>**None of the above** |
| 65. | निम्नलिखित में से किस मादक पेय पदार्थ का उत्पादन आसवन के बिना किया जाता है ?<br>**बीयर**<br>Which of the following alcoholic beverages is produced without distillation ?<br>**Beer** |
| 66. | निम्नलिखित में से कौन-सा तंत्र सॉफ्टवेयर (सिस्टम सॉफ्टवेयर) का उदाहरण है ?<br>**विंडोज़ 10**<br>Which of the following is an example of system software ?<br>**Windows 10** |
| 67. | निम्नलिखित में से कौन-सा निर्गम उपकरण (आउटपुट डिवाइस) है ?<br>**प्लॉटर**<br>Which of the following is an output device ?<br>**Plotter** |
| 68. | IPv4 पते में कुल कितने बिट होते हैं ?<br>**32 बिट**<br>An IPv4 address consists of how many bits ?<br>**32 bits** |
| 69. | एल.ए.एन. का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**लोकल एरिया नेटवर्क**<br>What does LAN stand for ?<br>**Local Area Network** |



Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| 70. | ई–मेल में 'सी.सी.' का पूर्ण रूप है<br>**कार्बन कॉपी**<br>What does 'CC' in an e-mail stand for ?<br>**Carbon Copy** |
| 71. | निम्नलिखित में से कौन–सा प्रचालन तंत्र (ऑपरेटिंग सिस्टम) नहीं है ?<br>**एम.एस. एक्सेल**<br>Which of the following is not an operating system ?<br>**MS-Excel** |
| 72. | डजिलॉकर भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई ऐसी सेवा है, जो नागरिकों को क्या सुविधा देती है ?<br>**सरकारी दस्तावेज़ों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखना और साझा करना**<br>DigiLocker is a service provided by the Government of India that allows citizens to<br>**Store and share official documents digitally** |
| 73. | एक मजबूत कूटशब्द (स्ट्राँग पासवर्ड) में आदर्श रूप से क्या होना चाहिए ?<br>**बड़े अक्षर, छोटे अक्षर, अंक तथा विशेष चिह्नों का मिश्रण**<br>A strong password should ideally contain<br>**A mix of uppercase, lowercase, numbers and special characters** |
| 74. | मशीन अधिगम किसका उपसमूह है ?<br>**कृत्रिम बुद्धिमत्ता**<br>Machine Learning is a subset of<br>**Artificial Intelligence** |
| 75. | गहन अधिगम प्रतिरूप किसकी संरचना से प्रेरित हैं ?<br>**मानव मस्तिष्क (जैविक तंत्रिका जाल)**<br>Deep Learning models are inspired by the structure of<br>**Human brain (biological neural networks)** |
| 76. | भारत का चंद्रयान – 3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर किस वर्ष सफलतापूर्वक उतरा ?<br>**2023**<br>India's Chandrayaan – 3 Mission successfully landed on the Moon's south pole in which year ?<br>**2023** |
| 77. | सुरक्षित एवं विकेन्द्रीकृत लेन–देन अभिलेख तैयार करने के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जाता है ?<br>**ब्लॉकचेन**<br>Which technology is used to create a secure, decentralized ledger of transactions ?<br>**Blockchain** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 78. | निम्नलिखित में से कौन–सा ऐसा हानिकारक प्रोग्राम है जो स्वयं को वैध सॉफ्टवेयर के रूप में प्रस्तुत करता है ?<br>**ट्रोजन हॉर्स**<br>Which of the following is a type of malware that disguises itself as legitimate software ?<br>**Trojan Horse** |
| 79. | आधार, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी कितने अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है ?<br>**12**<br>Aadhaar is a _____________-digit unique identification number issued by the Unique Identification Authority of India (UIDAI).<br>**12** |
| 80. | उमंग ऐप का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**यूनिफाइड मोबाइल एप्लिकेशन फॉर न्यू–एज गवर्नेन्स**<br>UMANG app stands for<br>**Unified Mobile Application for New-age Governance** |
| 81. | जून 2026 तक उत्तर प्रदेश में कुल कितने जिले हैं ?<br>**75**<br>How many districts are there in Uttar Pradesh as on June 2026 ?<br>**75** |
| 82. | उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी कौन–सा है ?<br>**सारस क्रेन**<br>Which is the State Bird of Uttar Pradesh ?<br>**Sarus Crane** |
| 83. | संयुक्त प्रान्त का पुनर्गठन कर उसका नाम उत्तर प्रदेश कब रखा गया ?<br>**24 जनवरी 1950**<br>Uttar Pradesh was reorganized and renamed from the United Provinces on<br>**24 January 1950** |
| 84. | उत्तराखण्ड (पूर्व नाम उत्तरांचल) को उत्तर प्रदेश से अलग कब बनाया गया ?<br>**9 नवम्बर 2000**<br>Uttarakhand (formerly Uttaranchal) was carved out of Uttar Pradesh on<br>**9 November 2000** |
| 85. | जून 2026 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा में कितने निर्वाचित सदस्य हैं ?<br>**403**<br>The Uttar Pradesh Legislative Assembly consists of how many elected members, as on June 2026 ?<br>**403** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 86. | नरोरा परमाणु विद्युत केन्द्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।<br>1. यह उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के नरोरा नगर में स्थित है ।<br>2. यह गंगा नदी के तट पर स्थित है ।<br>3. इसका संचालन भारत की परमाणु विद्युत निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जाता है ।<br>उपरोक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं ?<br>**1, 2 और 3**<br>Consider the following statements regarding the Narora Atomic Power Station.<br>1. It is located in Narora town of Bulandshahr district, Uttar Pradesh.<br>2. It is situated on the banks of the Ganga river.<br>3. It is operated by the Nuclear Power Corporation of India Limited (NPCIL).<br>Which of the statements given above is/are correct ?<br>**1, 2 and 3** |
| 87. | उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपी एसडीएमए) के पदेन अध्यक्ष कौन होते हैं ?<br>**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री**<br>Who is the ex-officio chairman of the Uttar Pradesh State Disaster Management Authority (UP SDMA) ?<br>**Chief Minister of Uttar Pradesh** |
| 88. | उत्तर प्रदेश में भारतीय घासभूमि एवं चारा अनुसंधान संस्थान (IGFRI) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?<br>**1962**<br>In Uttar Pradesh the Indian Grassland and Fodder Research Institute (IGFRI) was established in which year ?<br>**1962** |
| 89. | उत्तर प्रदेश की चम्बल नदी किस राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) से संबंधित है ?<br>**राष्ट्रीय जलमार्ग (NW) – 24**<br>Which National Waterway (NW) is associated with the Chambal River in Uttar Pradesh ?<br>**National Waterway (NW) – 24** |
| 90. | उत्तर प्रदेश के किस मेट्रो स्टेशन ने भारत का सबसे तेज़ी से निर्मित भूमिगत मेट्रो स्टेशन होने के कारण लिम्का अभिलेख पुस्तिका में स्थान प्राप्त किया ?<br>**चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा मेट्रो स्टेशन**<br>Which metro station of Uttar Pradesh entered the Limca Book of Records for being the fastest constructed underground metro station in India ?<br>**Chaudhary Charan Singh Airport Metro Station** |
| 91. | उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?<br>**प्रयागराज**<br>The headquarters of North Central Railway is located at ______ district of Uttar Pradesh.<br>**Prayagraj** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 92. | भारत के 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता दर कितनी थी ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br>According to Population Census 2011 of India, the total literacy rate of Uttar Pradesh was<br>**None of the above** |
| 93. | आगरा स्थित ताजमहल का निर्माण किसने कराया था ?<br>**शाहजहाँ**<br>Who built the Taj Mahal at Agra ?<br>**Shah Jahan** |
| 94. | भारत वन स्थिति प्रतिवेदन (ISFR), 2023 के अनुसार वन एवं वृक्ष आच्छादन में वृद्धि के आधार पर उत्तर प्रदेश का भारतीय राज्यों में कौन-सा स्थान था ?<br>**द्वितीय**<br>According to the India State of Forest Report (ISFR) 2023, Uttar Pradesh ranked ______ among Indian States in terms of increase in forest and tree cover.<br>**2nd** |
| 95. | उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।<br>1. कौशाम्बी जिले का गठन 4 अप्रैल 1997 को इलाहाबाद जिले से किया गया था ।<br>2. कौशाम्बी का जिला मुख्यालय मंझनपुर है ।<br>3. मंझनपुर यमुना नदी के उत्तरी तट पर स्थित है ।<br>उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?<br>**1, 2 और 3**<br>Consider the following statements regarding Kaushambi district of Uttar Pradesh.<br>1. Kaushambi district was carved out of Allahabad district on 4th April 1997.<br>2. The district headquarters of Kaushambi is Manjhanpur.<br>3. Manjhanpur is situated on the north bank of the Yamuna River.<br>Which of the statements given above is/are correct ?<br>**1, 2 and 3** |
| 96. | निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए ।<br>1. मुंशी प्रेमचन्द – गोदान<br>2. हरिवंश राय बच्चन – मधुशाला<br>3. जयशंकर प्रसाद – कामायनी<br>उपरोक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?<br>**1, 2 और 3**<br>Consider the following pairs.<br>1. Munshi Premchand – Godaan<br>2. Harivansh Rai Bachchan – Madhushala<br>3. Jaishankar Prasad – Kamayani<br>Which of the pairs given above are correctly matched ?<br>**1, 2 and 3** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 97. | उत्तर प्रदेश के समान पक्षी विहार की स्थापना किस वर्ष की गई थी ?<br>**1990**<br>In which year was the Saman Bird Sanctuary of Uttar Pradesh established ?<br>**1990** |
| 98. | परवती अर्गा पक्षी विहार उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?<br>**गोंडा**<br>Parwati Arga Bird Sanctuary is situated in which district of Uttar Pradesh ?<br>**Gonda** |
| 99. | इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना कब हुई थी ?<br>**23 सितम्बर 1887**<br>The University of Allahabad was established on<br>**23 September 1887** |
| 100. | शेखा झील पक्षी विहार उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?<br>**अलीगढ़**<br>Shekha Jheel Bird Sanctuary is located in which district of Uttar Pradesh ?<br>**Aligarh** |

Provisional Answers